SHRI MD. SALIM: Madam, it is a major Bill. This is the fag end of the day.

**श्री जीवन राय** (पश्चिमी बंगाल) : प्रदेश विभाजन का सवाल है ।

**उपसभापति** : एक पार्टी से एक आदमी अगर बोलकर अपनी भावनाओं का इज़हार हाऊस में करे तो मैं उस पर कुछ निर्णय भी ले सकती हूं । दो चैनल्स बोल रहे हों तो मेरी समझ में नहीं आता कि किसकी बात सुनूं ? आपने कहा कि बिहार को चार घंटे दिए हैं, इसमें कोई दो रायें नहीं हैं मगर आज अगर हम आधा घंटा इस पर चर्चा कर लें, होम मिनिस्टर साहब बोल दें, उसके बाद एकाध भाषण हो जाए, फिर हाऊस ऐडजॉर्न कर देंगे । कल तो हमें यह बिल पूरा करना ही है । ठीक है, अभी शुरुआत कर देते हैं । जो बोलना चाहता है, वह बोले । वैसे आज मेरे पास ज्यादातर नाम दो पार्टियों से ही आए हैं । मैं आप लोगों के सामने एक बात यह कहना चाहती हूं और मैंने यह बात पहले बिजनैस ऐडवाईज़री कमेटी में भी कही थी कि जब हमें पता लग जाता है कि यह बिल आने वाला है, इस बारे में निर्णय हो गया है कि चार घंटे दिए गए हैं, तो कृपया आप लोग अपनी पार्टी की तरफ से वक्ताओं के नाम जरूर भेज दीजिए क्योंकि हम लोगों को फिर यह तय करने में मुश्किल होती है कि कौन पहले बोलेगा, उसके बाद कौन बोलेगा, ऐडजस्टमेंट में मुश्किल होती है । यह टैक्निकल चीज है, बीच में नाम आते हैं तो मुश्किल होती है । आप लोग यह भी सोचकर नाम दीजिए कि अगर आपकी पार्टी के सिर्फ चार मिनट बाकी हैं तो उसमें चार आदमी तो नहीं बोल सकते, दो आदमी भी नही बोल सकते, एक ही बड़ी मुश्किल से बोल पाता है और उसको हम थोड़ा टाईम ज्यादा दे देते हैं और उसे भी खाली खड़े होकर, समर्थन करता हूं, यह कहकर बैठ जाना चाहिए ।

---

## THE BIHAR REORGANISATION BILL, 2000

THE DEPUTY CHAIRMAN: We now take up the Bihar Reorganisation Bill, 2000. Shri L.K. Advani to move the motion.

**गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी)**: महोदया, मैं प्रस्ताव करता हूं :

> कि विद्यमान बिहार राज्य के पुनर्गठन और उससे संबंधित मामलों का उपबंध करने वाले विधेयक पर जिस रूप में वह लोकसभा द्वारा पारित किया गया है, विचार किया जाए। "

THE DEPUTY CHAIRMAN: That is all. You don't want to speak on it?

SHRI L.K. ADVANI: No.

THE DEPUTY CHAIRMAN: There are four amendments, by Shri B.J. Panda, Shri Birabhadra Singh, Shri Ramachandra Khuntia and Shri Dilip Ray, for reference of the Bihar Reorganisation Bill, 2000 to a Select Committee of the House. Members may move their amendment at this stage, without making any speech.

SHRI B.J. PANDA (Orrisa): I move:

"That the Bill to provide for the reorganisation of the existing State of Bihar and for matters connected therewith, be referred to a Select Committee of the Rajya Sabha consisting of the following members, namely:-

1. Shri Birabhadra Singh
2. Shri Ramachandra Khuntia
3. Dr. M.N. Das
4. Shri Man Mohan Samal
5. Shri Ravi Shankar Prasad
6. Shri Kapil Sibal
7. Shri Hansraj Bhardwaj
8. Shri Vedprakash P. Goyal
9. Shri Ananta Sethi

with instructions to report by the first day of the next Session.

SHRI BIRABHADRA SINGH (Orrisa): I move:

"That the Bill to provide for the reorganisation of the existing State of Bihar and for matters connected therewith, be referred to a Select Committee of the Rajya Sabha consisting of the following members, namely:-

1. Shrimati Vanga Geetha.
2. Shri K. Rama Mohan Rao
3. Dr. (Smt.) Joyasree Goswami Mahanta
4. Shri Ramachandra Khuntia
5. Shri Man Mohan Samal
6. Shri Rama Muni Reddy Sirigireddy
7. Shri C. Ramachandraiah
8. Dr. M.N.Das

9. Shri Ananta Sethi

with instructions to report by the first day of the next Session."

*The questions were proposed.*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, we have got motion for consideration of the Bihar Reorganisation Bill, 2000, and the amendments are open for discussion.

---

**Re. Demand for referring the Bihar Reorganisation Bill, 2000 to a Select Committee**

***श्री मोहम्मद सलीम** (पश्चिमी बंगाल) : मैडम, मेरा एक प्वाइंट है । चूंकि यह बिल महत्वपूर्ण है और काफी दिनों से चर्चा में है और बीजू जनता दल जो रूलिंग पार्टी एन.डी.ए. का ही एक महत्वपूर्ण घटक है, उसकी तरफ से यह प्रस्ताव आया है कि इस बिल को सेलेक्ट कमेटी में भेज दिया जाए, तो मेरा ख्याल है कि इतनी चर्चा न करके इस बारे में थोड़ी राय ले ली जाए । मैं समझता हूं कि यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि एन.डी.ए. के ही एक मुख्य घटक ने यह प्रस्ताव रखा है और वह महत्वपूर्ण घटक है ।

**श्री टी.एन. चतुर्वेदी** (उत्तर प्रदेश): वह घटक अपनी बात रख लेगा ।

**उपसभापति** : इससे पहले भी उत्तरांचल बिल पर यह प्रस्ताव आया था और एन.डी.ए. के ही एक अंग ने यह सुझाव दिया था कि इसको सेलेक्ट कमेटी में देना चाहिए । तोहड़ा साहब और अकाली दल का यह सुझाव था लेकिन उस बिल पर भी हम लोगों ने यहां चर्चा की है । मेरे ख्याल में ये लोग भी चर्चा के दौरान अपनी शंकाओं का समाधान कर सकते हैं । ठीक है ना ?

***श्री मोहम्मद सलीम** : मैडम, जहां तक अकालियों का मामला है, मैं उस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं । अकाली दल भी एन.डी.ए. का घटक है लेकिन कभी-कभी तोहड़ा साहब दूसरे सुर में बोलते हैं लेकिन बीजू जनता दल तो घटक है ही पूरा-पूरा एन.डी.ए. का ।

**श्री एम. वेंकैया नायडु** (कर्णाटक): ऐसी घटना होती है । लेफ्ट में भी सी.पी.आई. इस तरफ होती है और ....

***श्री मोहम्मद सलीम** : मैं एन.डी.ए. की बात कर रहा हूं । अभी तो ऐसा प्रस्ताव भी आया है विश्व हिंदू परिषद की तरफ से कि एन.डी.ए. में आई.एस.आई. के लोग हैं ।

***श्री मोहम्मद सलीम** : मैं बहुत ध्यान से देखता हूं कि विश्व हिन्दू परिषद का मामला क्या है, क्योंकि इनकी राजनीति वहां पर तय होती है। आज जो विश्व हिन्दू परिषद कह रही है कल वह भाजपा कहती है। मंत्री के सवाल से लेकर अब तक ऐसा ही हुआ है। इसलिए मैं भाजपा का भविष्य जानने के लिए विश्व हिन्दू परिषद को पढ़ता रहता हूं।

---

* Translitration of the speech in Persian script is available in the Hindi version of the Debate.